**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**

**Assessment II   2023-24**

**Grade: VI** **Marks:100**
**SUB: Hindi** **Time :3 Hours**

---

निर्देश: (i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं-क, ख, और ग

(ii) तीनो खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

प्रश्न 1 अ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अंक 7)

सत्य और अहिंसा, केवल इसी देश के लिए नहीं, मानव मात्र के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। हम इस देश में लोकतंत्र की स्थापना कर चुके हैं, जिसका अर्थ है व्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता जिसमें यह अपना पूरा विकास कर सके और साथ ही सामूहिक और सामाजिक एकता भी व्यक्ति और समाज के बीच में विरोध का आभास होता है। व्यक्ति अपनी उन्नति और विकास चाहता है और यदि एक की उन्नति और विकास दूसरे की उन्नति और विकास में बाधक हो, तो संघर्ष पैदा होता है और यह संघर्ष तभी दूर हो सकता है जब उसके विकास के पथ अहिंसा के हो। हमारी संस्कृति का मूलाधार इसी अहिंसा तत्व पर स्थापित रहा है। जहाँ-जहाँ हमारे नैतिक सिद्धांतों का वर्णन आया है, अहिंसा को ही उसमें मुख्य स्थान दिया गया है। अहिंसा का दूसरा रूप त्याग है और हिंसा का दूसरा रूप या दूसरा नाम स्वार्थ है, जो प्रायः भोग के रूप में हमारे सामने आता है। हमारी सारी नैतिक चेतना इसी तत्व से ओत-प्रोत है। इसीलिए हमने भिन्न-भिन्न विचारधाराओं को स्वच्छतापूर्वक पनपने और भिन्न-भिन्न भाषाओं को विकसित और प्रस्फुटित होने दिया।

प्रश्न

1.लोकतंत्र का क्या अर्थ है?
अ) व्यक्ति के संपूर्ण स्वतंत्रता
आ) हिंसा के लिए स्वतंत्रता
इ) हिंसात्मक कार्य की आजादी
2. संघर्ष से कैसे पैदा होता है?
अ) यदि एक की उन्नति और विकास दूसरे की उन्नति और विकास में बाधक हो, तो संघर्ष पैदा होता है।
आ) यदि एक व्यक्ति स्वार्थ तथा दूसरा अनैतिक कार्य करने में सहायक हो तो संघर्ष पैदा होता है।
इ) दिए गए सभी
3.हमारी संस्कृति का मूलाधार किस किस तत्व पर स्थापित है?
अ) अहिंसा
आ) हिंसा

इ)

4. अहिंसा का दूसरा रूप क्या है?

अ) अहिंसा का दूसरा रूप त्याग है।

आ) अहिंसा का दूसरा रूप स्वार्थ है।

इ) अहिंसा का दूसरा रूप अनैतिक कार्य को बढ़ावा देना है।

5. मानव जीवन के लिए क्या अत्यंत आवश्यक है?

अ) सत्य और अहिंसा

आ) स्वदेश और अनैतिक कार्य

इ) हिंसा और मानव जीवन

6. दिए गए गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

अ) सत्य और अहिंसा

आ) हिंसा और नैतिक मूल्यों का हनन

इ) स्वार्थ और हिंसा

7. हिंसा का दूसरा रूप क्या है?

अ) हिंसा का दूसरा रूप स्वार्थ है।

आ) हिंसा का दूसरा रूप नैतिक कार्य है।

इ) उपरोक्त दोनों।

प्रश्न 1.आ)निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। बिना विचारे जो करै, सौ पाछे पछताय। काम बिगाड़े आपना, जग में होत हँसाय।। जग में होत हँसाय, चित्त में चैन न पावै। खान, पान, सम्मान, राग, रंग मनहि न भावै। कह गिरधर कविराय, दुःख कछु टरत न टारे । खटकत है जिय मांहि कियो जो बिना विचारे ।।

प्रश्न-

(1) प्रस्तुत काव्यांश में किस विचार को उभारा गया है?

अ) जो बिना विचार किया कार्य करते हैं।

आ) जो सोच विचार कर कार्य करते हैं।

इ) जो कार्य न करने की सोचते हैं।

(2) कैसे लोगों को काम करने के बाद पछताना पड़ता है?

अ) जो सोच कर कार्य करें।

आ) जो कार्य में अड़चन पैदा करें।

इ)जो बिना विचार कार्य करते हैं।

(3) संसार के लोग किसी व्यक्ति की हँसी कब उड़ाते हैं?

अ) जो स्वयं के कार्य बिगड़ते हैं।

आ) जो दूसरों के कार्य बिगड़ने हैं।

इ) दिए गए सभी

( 4) हँसी होने पर व्यक्ति कैसे प्रभावित होता है?

अ) व्यक्ति को खान-पान सम्मान, राग, रंग, मन की शांति नहीं मिलती।

आ) व्यक्ति को समाज में आदर, सम्मान एवं पद प्राप्त होता है।

इ) दिए गए सभी

( 5) कवि ने क्या संदेश देना चाहा है?

अ) सोच विचार कर कार्य करने की सलाह

आ) बिना विचार किया कार्य करने की सलाह

इ) हिंसात्मक कार्य करने की सलाह

( 6) 'गिरधर' शब्द का अर्थ लिखिए।

अ) श्री कृष्णा

आ) रघुवीर

इ) उमापति

(7) दुःख का विलोम शब्द लिखिए।

अ) अंधकार

आ) हताशा

इ) सुख

2.अ)निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7अंक)

सुबह आठ बजे वह घर से निकल पड़ता। टिकट जमा करने वाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता। दो ऑस्ट्रेलिया के टिकटों के बदले एक फिनलैंड का टिकट लेता। दो पाकिस्तान के बदले एक रूस का बस शाम, जैसे ही घर लौटता, बस्ता कोने में पटककर अम्मा से चबेना लेकर निकर की जेब में भर लेता और खड़े खड़े कॉफ़ी पीकर निकल जाता। चार मील दूर अपने दोस्त के घर से कनाडा का टिकट लेने पगडियों में होकर भागता। स्कूल भर में उसका अलबम सबसे बड़ा था। सरपंच के लड़के ने उसके अलबम को पच्चीस रुपए में खरीदना चाहा था, पर राजपा नहीं माना। 'घमंडी कहीं का', राजप्पा बड़बड़ाया था। फिर उसने तीखा जवाब दिया था, "तुम्हारे घर में जो प्यारी बच्ची है न, उसे दे दो न तीस रुपए में।"पर अब? कोई उसके अलबम की बात तक नहीं करता। और तो और अब सब उसके अलबम की तुलना नागराजन के अलबम से करने लगे हैं। सब कहते हैं राजप्पा का अब फिसड्डी है।

बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

1.राजप्पा ने अलबम के लिए टिकटें कैसे एकत्रित की?

(अ) हर देश डाक घर जाकर

(आ) अपने गाँव के बड़े बुजुर्गों से।

(इ)उसने बड़ी मुश्किल से टिकटें एकत्रित की। विद्यालय से आते ही बड़े-बड़े कॉफी पीता और दूर-दूर तक तक के मित्रों के घर जाता।

2.सरपंच का लड़का क्या चाहता था?-

अ)राजप्पा को मारना ।

आ)राजप्पा से दोस्ती करना ।

इ)राजप्पा से एल्बम खरीदना।

3.सरपंच का लड़का राजप्पा को कितने रुपए देने को तैयार था ?

(अ)दस रुपए

(आ) बीस रुपए

(इ )पच्चीस रुपए

4.राजप्पा हरदम क्या सोचता रहता?

अ)किसी प्रकार उसका एक सुंदर अलबम बन जाए और किसी प्रकार वह नागराजन को पछाड़ दे।

आ)उपर्युक्त सभी।

(इ) किसी प्रकार कुछ ऐसा हो जाए कि सभी बच्चे उसके आगे-पीछे घूमें।

5.उपर्युक्त पंक्तियाँ कौन किसके बारे में कह रहा है?

अ)नागराजन राजप्पा से

आ)लेखक राजप्पा के बारे में।

इ)राजप्पा नागराजन से

6.राजप्पा के अलबम की बात कोई क्यों नहीं करता था?

(अ) उसका अलबम बेकार था।

आ)उसका अलबम फट चुका था।

इ )उसके अलबम में नागराजन के अलबम जैसा आकर्षण नहीं था।

7.'फिसड्डी' शब्द का क्या अर्थ है?

अ)सुंदर

आ)भद्दा

इ)बेकार

2.आ)निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7अंक)

माँ (पुचकारकर) नन ऐसे मत करा अभी ठीक हुआ जाता है। अभी डॉक्टर को बुलाया है। तब तक सेंक लें। ( चादर हटाकर पेट पर बोतल रखती है। फिर मोहन के पिता की ओर मुड़ती से,है)। इसने कहीं कुछ अंट-शंट तो नहीं खा लिया?पिता कहाँ? कुछ भी नहीं सिर्फ़ एक केला और एक संतरा खाया था। अरे, यह तो दफ़्तर से चलने तक कूदता फिर रहा था। बस अड्डे पर आकर यकायक बोला-पिता जी मेरे पेट में तो कुछ'ऐसे-ऐसे' हो रहा है।माँ: कैसे पिता : बस ऐसे-ऐसे' करता रहा। मैने कहा-अरे, गड़गड़ होती है? तो बोला - नहीं। फिर पूछा- चाकू-सा चुभता है? तो जवाब दिया- नहीं। गोला-सा फूटता है? तो बोला- नहीं जो पूछा उसका जवाब- नहीं। बस एक ही रट लगाता रहा, कुछ 'ऐसे-ऐसे' होता है।जो. जी हाँ बोल रहा हूँ.. कौन? डॉक्टर साहब जी हाँ, मोहन के पेट में दर्द है. जी नहीं खाया तो कुछ नहीं बस यही कह रहा है.. बस जी... नहीं, गिरा भी नहीं 'ऐसे-ऐसे' होता है। बस जी 'ऐसे-ऐसे' होता है। बस जी. 'ऐसे-ऐसे!' यह 'ऐसे-ऐसे' क्या बला है, कुछ समझ में नहीं आता। जी....जी हाँ! चेहरा एकदम सफ़ेद हो रहा है। नाचा... नाचता फिरता है. जी नहीं, दस्त तो नहीं आया.. जी हाँ, पेशाब तो आया था. जी नहीं, रंग तो नहीं देखा। आप कहें तो अब देख लेंगे... अच्छा जी जरा जल्दी आइए। अच्छा जी बड़ी कृपा है। (फोन का चोंगा रख देते हैं।) डॉक्टर साहब चल दिए हैं। पाँच मिनट में आ जाते हैं।

1.यह संवाद किन पात्रों के मध्य हो रहा है?

(अ) माँ पिताजी और मोहन

(आ)मोहन और पिताजी

इ)माँ और पिताजी

2. माँ क्यों परेशान थी?

अ)मोहन के पेट में दर्द था।

आ)मोहन को बुखार था।

इ)मोहन को समझ नहीं आ रहा था कि उसे क्या है। वह कह रहा था कि ऐसे-ऐसे हो रहा है।

3.मोहन के पेट में ऐसे-ऐसे' होने पर किसे बुलाया था?

अ)डॉक्टर

आ)हकीम

इ)ओझा

4. मोहन के माँ और पिताजी बेचैन क्यों थे?

अ)मोहन को कोई बीमारी हो गई थी। वे मोहन को परेशानी देख नहीं पा रहे थे।

आ)मोहन की बीमारी को जानने की असमर्थता से परेशान थे।

इ)दिए गए सभी

5.डॉक्टर साहब कितनी देर में आए ?

(अ)) पाँच मिनट में

(आ) 15 मिनट में

(इ)दस मिनट में

6.मोहन के पिता को क्या समझ में नहीं आ रहा था?

(अ) मोहन की बीमारी और मोहन की बेचैनी

(आ) मोहन का 'ऐसे-ऐसे' कहना।

(इ)दिए गए सभी।

7.'चेहरा सफेद होना' मुहावरे का अर्थ है-

(अ) घबरा जाना

(आ) खुश होना

() चुप रहना

प्रश्न3.अ) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।(7 अंक)

साथी हाथ बढ़ाना

एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना।

साथी हाथ बढ़ाना।

हम मेहनतवालों ने जब भी मिलकर कदम बढ़ाया सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें साथी हाथ बढ़ाना।

हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें।साथी हाथ बढ़ाना।

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रस्ता नेक साथी हाथ बढ़ाना।

बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

1)'साथी हाथ बढ़ाना' शब्द किस ओर संकेत करते हैं?
अ) हाथ थामने का
आ) मिलकर कार्य करने का
इ) हाथ आगे करने का
2) मिलकर मेहनत करने से क्या संभव है?
अ) पर्वत पर्वत झुक जाते हैं अर्थात बाधाएँ स्वता हल हो जाती हैं
आ) बड़ी से बड़ी मुश्किल हल हो जाती है।
इ) उपर्युक्त सभी
3) 'फौलादी' शब्द का अर्थ काव्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
अ) लोहे के बने, मजबूत
आ) पक्के और मजबूत
इ) धातुओं के मिश्रण से बने
4) काव्यांश का संदेश स्पष्ट कीजिए।
अ) हमें प्रत्येक कार्य मिल-जुलकर करना चाहिए।
(आ) अपने मार्ग स्वयं
(इ) सबकी सहायता हेतु तैयार रहो।
5) साथी शब्द का अर्थ लिखिए।
अ) मित्र- साथ काम करने वाला
आ) कविता लिखने वाला
इ) शीश झुकाने वाला
6) हमें जीवन में किस से नहीं डरना चाहिए?
अ) विदेशियों से
आ) मेहनत करने से
इ) सफलता प्राप्ति से
7) 'गैर' किसका प्रतीक है?
अ) विभिन्न प्रांतों के लिए।
आ) जातियाँ जिन्होंने भारत पर शासन किया।
इ) अपने पड़ोसी देशों के लिए।

प्रश्न3.आ) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।(7 अंक)

कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी, लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी, नाना के संग पढ़ती थी वह, झाँसी वाली नाना के संग खेली थी, बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही सहेली थी,
वीर शिवाजी की गाथाएँ उसको याद ज़बानी थीं। बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी। खूब लड़ी मर्दानी वह तो रानी थी।।

बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

1.यह पद्यांश किस समय की दशा दर्शा रहा है?

अ भारत की स्वतंत्रता की

आ.भारत पर मुगल शासन की

इ) भारत पर अंग्रेजी शासन की

1. “सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी” का आशय स्पष्ट कीजिए।

अ)राजपरिवारों में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध रोष उत्पन्न होना और उनका स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु संघर्ष करना।
आ)अंग्रेजों का राजयों के प्रति विद्रोह
इ) राजवंशों का अंग्रेजों के साथ मिल जाना

3) भारत को बूढ़ा क्यों कहा गया है?

अ)क्योंकि भारत के शासक बूढ़े हो चुके थे।

आ) क्योंकि भारतीयों ने स्वतंत्रता प्राप्ति का विचार छोड़कर एक ढर्रे पर जीना शुरू कर दिया था।
इ)क्योंकि भारत में बूढ़े लोगों की संख्या बढ़ गई थी।

4)इस काव्यांश में किसकी वीरता की बात कि  जा रही हैं?

अ)-इस काव्यांश में झाँसी की रानी की वीरता की बात की जा रही है।

आ)-इस काव्यांश में सुभद्रा कुमारी चौहान  की बात की जा रही हैं।
इ) इस काव्यांश में रानी अहिल्याबाई होलकर की वीरता की बात की जा रही है।
5) प्रस्तुत का काव्यांश में ‘मर्दानी’ शब्द किसके लिए इस्तेमाल किया है?
अ)प्रस्तुत काव्यांश में’ मर्दानी’ शब्द का इस्तेमाल  की रानी लक्ष्मीबाई के लिए किया गया है।
आ)-प्रस्तुत काव्यांश में’ मर्दानी’ शब्द का इस्तेमाल रानी दुर्गावती के लिए किया गया है।
इ) प्रस्तुत काव्यांश में’ मर्दानी’ शब्द का इस्तेमाल  रानी अहिल्याबाई होलकर के लिए किया गया है।
6) ‘आजादी’ शब्द का अर्थ लिखिए।
अ-स्वतंत्रता आ-गुलामी इ-परिवर्तन
7) रानी लक्ष्मी बाई की सहेलियां कौन-कौन थी?
अ) दुर्गावती ,सत्यवती, कलावती
आ बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी

इ) फिरंगी औरतें

प्रश्न 4 अ)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ( अंक 12)

प्रश्न.

1.केशव और श्यामा ने अंडों के बारे में क्या-क्या अनुमान लगाए?

2. हमें चिड़िया के भाँति संतोषी क्यों होना चाहिए?

3.राजप्पा की नागराजन के अलबम के प्रति ईर्ष्या कैसे पछतावे में बदल गई?

4.’साथी हाथ बढ़ाना’ कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

5. बचपन में लिखेका किस प्रकार के फ्रॉक पहना करती थी?

6.’बिलकुल गोल’ के दो अर्थ हैं। कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

7.सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को ‘मर्दानी’ क्यों कहती हैं?

खंड ‘ख’

प्रश्न 5 )निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।( अंक 20)

1.व्याकरण के कितने अंग है? (1 अंक)

अ.चार

आ.दो

इ.तीन

2.हिंदी भाषा को राजभाषा कब घोषित किया गया? (1 अंक)

अ.24 सितंबर 1947

आ.14 सितंबर 1949

इ.16 सितंबर 1949

3.उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द कितने प्रकार के होते हैं? (1 अंक)

अ.चार

आ.दो

इ.आठ

4.स्त्री जाति का बोध करवाने वाले शब्द कहलाते हैं।1 अंक)

अ.पुल्लिंग

आ.नपुंसकलिंग

इ.स्त्रीलिंग

5. वचन के कितने प्रकार होते हैं? (1 अंक)

अ.दो

आ.पाँच

इ.तीन

6.’आकाश’ शब्द है। (1 अंक)

अ.सदा बहुवचन

आ.सदा एकवचन

इ.कोई भी नहीं

7.जो शब्द वाक्य में आपसी संबंध को जोड़ते हैं वह क्या कहलाते हैं? (1 अंक)

अ.पुरुषवाचक सर्वनाम
आ.निजवाचक सर्वनाम
इ.संबंधवाचक सर्वनाम।
8.क्रिया का अर्थ है। (1 अंक)
अ.जब काम का करना या होना पाया जाए,
आ. जब काम का होना पाया जाए।
इ. इनमें से कोई नहीं
9.गुणवाचक विशेषण प्रकट करते हैं। (1 अंक)
अ. किसी के गुण ,दोष व आकार को
आ. किसी की नापतोल को
इ. इनमें से कोई नहीं
10.तिथियों,भाषाओं के नाम स्त्रीलिंग होते हैं, या पुल्लिंग होते हैं, पहचानिए। (1 अंक)
11.दीपिका भोजन कर रही है। वाक्य में काल पहचानिए । (1 अंक)
12. पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद बताइए। (1 अंक)
13. क्रिया के कितने भेद हैं? (1 अंक)
14. व्यक्ति वाचक संज्ञा का उदाहरण लिखिए। (1 अंक)
15. वह धीरे-धीरे चलता है। यह किस क्रिया विशेषण का उदाहरण है ?बताइए। (1 अंक)
16. मैं अपना काम स्वयं कर लूंगा कि सर्वनाम शब्द का उदाहरण है बताइए। (1 अंक)
17.निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य मे प्रयोग करे।( 2 अंक)
अ) मुँह में पानी भर आना (आ) आँखों में आँसू भरना
18. पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2अंक)
अ) घमंडी आ) शताब्दी

‘खंड ग’

प्रश्न 5अ) निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए( अंक-8)
अ)ग्लोबल वार्मिंग :एक समस्या आ) स्वतंत्रता दिवस
प्रश्न 5 आ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें।( 6अंक)
1.प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति (आर्थिक सहायता) प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।
2.निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर अपने भाई छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए।
प्रश्न 6अ) ‘रीमा’ वॉशिंग पाउडर’ विज्ञापन लिखिए।(6 अंक)

प्रश्न 6आ) माँ का बच्चे से परीक्षा परिणाम इस विषय में संवाद लेखन लिखिए।
( 6 अंक )